Reg. No. : ......................................

Name : ..........................................

**FY-15**

**FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, JUNE 2022**

Part – III

**HINDI (Optional)**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : नीचे दिये कवितांश पढ़कर 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

चाहा बस तुमने है !
दाहिना अंगूठा यह !
यह तो समर्पित था,
मेरा हर लक्ष्य – उपलक्ष्य,
उपकरण, साध्य –
चरणों में पहले से अर्पित था ।

1. इस कवितांश के कवि कौन हैं ?

(कबीरदास, कीर्ति चौधरी, भीष्म साहनी) **(1)**

2. गुरु ने एकलव्य से क्या चाहा है ? **(1)**

3. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

4. सही मिलान करें :

| | | |
|---|---|---|
| नए इलाके में | – | सुमित्रानंदन पंत |
| दोहे | – | ममता कालिया |
| तितली | – | बिहारीलाल |
| यहाँ रोना मना है | – | अरुण कमल |

**(4)**

**सूचना : निम्नलिखित गद्यांश पढ़ें और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

लड़कपन के स्वर्ग का विस्मृतिमय अद्‌वितीय मुख देख चुका । जवानी की अमरावती में विविध भोगविलास कर चुका । अब बूढ़ापे के नरक में आया हूँ । भोगना ही पड़ेगा । इस नरक से मनुष्य की तो हस्ती ही क्या है, ईश्वर भी छुटकारा नहीं दिला सकता । बूढ़ापा वह पतन है, जिसका उत्थान केवल एक बार होता है, और वह होता है – दहकती हुई चिता पर ।

5. कोष्ठक से संज्ञा शब्द चुनकर लिखें ।

(बूढ़ापा, आया, छुटकारा) **(1)**

6. कोष्ठक से सर्वनाम शब्द चुनकर लिखें ।

(पतन, वह, नरक) **(1)**

7. लेखक की राय में बूढ़ापा का उत्थान (उन्नति) कब होता है ? **(2)**

8. खंड का संक्षेपण करके उचित शीर्षक लिखें । **(6)**

**सूचना : 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।** **(2 × 2 = 4)**

9. भक्ति साहित्य के कितने भेद हैं ? वे कौन–कौन से हैं ?

10. कबीरदास कैसे ज्ञानी बन गये ?

- साधु–संतों की संगति
- देश–देशांतर का भ्रमण

11. सगुण भक्ति काव्य के कितने भेद हैं ? वे कौन–कौन से हैं ?

12. रामभक्ति काव्य में किन–किन का मेल है ?

- लोक धर्म
- भक्ति भावना

**सूचना : 13 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें।** **(3 × 4 = 12)**

13. जीवनवृत्त पढ़ें और सुमित्रानंदन पंत के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | – | सुमित्रानंदन पंत |
| जन्म | – | 20 मई, 1900, कौसानी |
| प्रमुख रचनायें | – | वीणा, पल्लव, गुंजन, युगांत, युगवीणा, ग्राम्या, चिंदबरा आदि। |
| पुरस्कार | – | पद्मभूषण, ज्ञानपीठ पुरस्कार |
| विशेषतायें | – | हिन्दी के युग–निर्माता कवि |
| मृत्यु | – | 28 दिसंबर, 1977, इलाहाबाद। |

14. माँ दिल ही दिल में बेटे के उज्ज्वल भविष्य की कामनायें करने लगीं । अपनी उपेक्षा की परवाह किये बिना बेटे की तरक्की के लिए काम करने वाली माँ के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- ग्रामीण जीवन में आस्था
- लोकगीत एवं कलाओं से परिचित
- ईश्वर भक्त
- बेटे के प्रति ममता

15. माली आवत देख करि, कलियाँ करै पुकार ।
फूली फूली चुनि गई, कालि हमारी बार ।।
(कालि – कल ही)
दोहे का भावार्थ लिखें ।

16. 'पृथ्वीराज रासो' पर टिप्पणी लिखें ।

- वीरगाथाकाल का ग्रन्थ
- महाकाव्य
- चन्दबरदाई

17. निर्गुण काव्यधारा पर टिप्पणी लिखें ।

- निराकार ईश्वर
- ज्ञान या प्रेम के ज़रिए ईश्वर की पहचान ।

**सूचना : 18 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 6 = 18)**

18. 2, अक्तूबर 'गाँधी जयंती' के दिन हमारे स्कूल द्वारा संपूर्ण सफाई दिन (cleaning day) के रूप में मनाने का आयोजन किया है । इसके लिए उचित पोस्टर तैयार करें ।

- अक्तूबर–दो–गाँधीजी का जन्मदिन
- उद्घाटन – स्वास्थ्य मंत्री (Health Minister)
- समय, तारीख

19. खंड का हिन्दी में अनुवाद करें :

Jayasankar Prasad was an eminent Hindi Writer. He was born on 30th January, 1889 in Varanasi. He was a novelist, dramatist, poet and a story writer.

(Eminent – मशहूर, novelist – उपन्यासकार, dramatist – नाटककार, poet – कवि, story writer – कहानीकार) ।

20. कृष्ण की हर शिकायत पर माँ यशोदा अपना तर्क प्रस्तुत करती हैं । सूरदास के पद के आधार पर माँ – बेटे के बीच का वार्तालाप लिखें ।

- बालक कृष्ण की चोटी आज भी छोटी
- बलराम की वेणी लंबी और मोटी
- माँ का कच्चा दूध पिलाना

21. मैं तो ज़रूर जाऊँगी,चाहे जो हो जाए, सब कहेंगे, माँ के मरने में भी नहीं आयी । कालिन्दी अपनी माँ के विचारों में खो गयी । उसकी आँखों से आँसू बहने लगे । वह उस दिन की डायरी लिखती है । वह डायरी तैयार करें ।

- ससुराल में हुई पीड़ायें
- माँ के घर न जाने का आदेश
- माँ की मृत्यु की खबर
- माँ के प्रति कालिन्दी की चिंता

22. आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालकर उस काल की विशेषताएँ लिखें ।

- इतिहास सत्य
- तत्कालीन समाज का वर्णन
- युद्ध वर्णन
- प्रेम वर्णन

**सूचना : 23 से 27 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 8 = 24)**

23. 'विप्रो' कंपनी की ओर से एक नया साबुन (soap) बाज़ार में आया है । इसके लिए उचित विज्ञापन तैयार करें ।

- मुलायम त्वचा (soft skin)
- कम दाम ज़्यादा महक
- ए.एफ.एम. 90% से ज्यादा
- 100% सुरक्षित

24. आज के युग में बस्तियाँ (colonies), इमारतें और लंबी सड़कों का निर्माण हो रहा है । 'नए इलाके में' कविता के आधार पर अपना मत प्रकट करें ।

- पेड़ – पौधों का नाश
- खेती की भूमि की कमी
- गाँव – गाँव शहर बन जाना
- सार्वजनिक जगहों का नाश

25. भक्तिकाल का सामान्य परिचय देकर सगुण भक्तिशाखा पर लेख लिखें ।

- राजनीतिक – सामाजिक परिस्थितियाँ
- सगुण भक्तिशाखा के भेद
- रामभक्ति और कृष्णभक्ति
- सूरदास और तुलसीदास

26. “मैंने उन्हें प्रणाम किया और श्रीमन्नारायण के साथ उनकी कुटी से बाहर चला आया ।” गाँधीजी से मिलने के बाद रामकुमार वर्मा अपनी आत्मकथा लिखते हैं । वह आत्म–कथांश तैयार करें ।

- गाँधीजी से उनकी पहली भेंट
- समय की पाबंदी पर चर्चा
- हरिजनोद्धार के लिए पैसा माँगना
- चित्ररेखा का गीत गुनगुनाना

27. ‘ईदगाह’ कहानी में हामिद खिलौने और मिठाई के बदले दादी के लिए एक चिमटा खरीदता है । यह घटना बताते हुए दादी माँ अपने मित्र को पत्र लिखती हैं । वह पत्र तैयार करें ।

- मातृ – पितृ विहीन बालक
- ईद के मेले देखने जाना
- अन्य बच्चों का खिलौने और मिठाइयाँ खरीदना
- हामिद का केवल चिमटा खरीदना